Ans. (b) : ओल्यु लोकगीत राजस्थानी लोक जीवन के पुत्रियों के विदाई गीत के संबंधित है। यह महिलाओं द्वारा पुत्री को विदा करते समय संवेदना एवं सांत्वना देने के लिए गाया जाता है। ओल्यू का मतलब 'याद आना' है।

255. लोक नाट्यकार नानूराम किस ख्याल के मुख्य प्रवर्तक माने जाते हैं?

(a) शेखावटी ख्याल (b) जयपुरी ख्याल
(c) हेला ख्याल (d) कुचामनी ख्याल

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (a) : लोक नाट्य कलाकार नानूराम शेखावटी ख्याल के मुख्य प्रवर्तक माने जाते हैं। नानूराम चिरावां, (झुझुनू) के रहने वाले थे और जाति से मुसलमान थे। नानूराम और पुजीरा तेजी के काल को शेखावटी ख्याल का स्वर्णकाल कहा जाता है।

256. किसे 'वागड़ की मीरा' भी कहा जाता है?

(a) कर्माबाई (b) गवरीबाई
(c) कालीबाई (d) लिछमाबाई

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (b) : गवरीबाई को 'बागड़ की मीरा' कहा जाता है। इनका जन्म डूंगरपुर के नागर कुल में हुआ था। इनकी कृष्ण भक्ति से अभिभूत होकर तत्कालीन महारावल शिवसिंह ने उनके लिए एक मंदिर बनवाया था।

257. गवरी देवी किस गायन शैली से संबद्ध थीं–

(a) लंगा (b) मांड
(c) तालबंदी (d) ठुमरी

उत्तर (b)

कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक डिप्लोमा धारक)-2020
RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- गवरी देवी (14 अप्रैल, 1920 – 29 जून, 1988) राजस्थान की प्रसिद्ध लोक गायिका थीं। उन्होंने राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मांड गायकी का जादू बिखेरा। अपनी खनकदार गायकी से गवरी देवी ने देश दुनिया में अपनी पहचान बनाई थी। गवरी देवी को 'मरू कोकिला' के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। मांड गायकी के अतिरिक्त गवरी देवी ठुमरी, भजन तथा गजल गायन भी करती थीं।

258. पटेल्या, लालर, मूमल, बिछियों है–

(a) राजस्थानी आभूषण (b) राजस्थानी लोकगीत
(c) राजस्थानी लोकवाद्य (d) राजस्थानी लोकनाट्य

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : पटेल्या, लालर, मूमल एवं बिझियों आदि राजस्थान के पर्वतीय क्षेत्रों में आदिवासियों के द्वारा गाये जाने वाले प्रमुख लोकगीत है। ये सभी लोकगीत राज्य के मेवाड़ क्षेत्र में गाये जाते है। मूमल, जैसलमेर के श्रृंगार रस का प्रेमपूर्ण लोकगीत है।

259. इंडोनी लोक गीत गाया जाता है–

(a) पति की मृत्यु पर पत्नी द्वारा
(b) विवाह समारोह के दौरान
(c) महिलाओं द्वारा कुएं से पानी लेने जाते समय
(d) बेटे के जन्म के समय महिलाओं द्वारा

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (c) : इंडोनी (इडुणी)लोक गीत महिलाओं द्वारा कुएं से पानी लेने जाते समय गाया जाता है।

260. राजस्थान संगीत नाटक अकादमी कहाँ स्थित है?

(a) जयपुर (b) बीकानेर
(c) अजमेर (d) जोधपुर

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (d) : राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की स्थापना वर्ष 1957 में राजस्थान सरकार द्वारा जोधपुर में की गयी थी। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी ने शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य, और लोक विद्या के संरक्षण और विकास में सक्रिय भूमिका निभाई है।

261. पंडित जसराज .... गायकी से संबंधित हैं–

(a) मौद (b) मेवाती
(c) खयाल (d) इनमें से कोई नहीं

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)
Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (c) : खयाल शैली की गायकी के लिए प्रसिद्ध पंडित जसराज मेवाती घराने से सम्बन्धित थे। पंडित जसराज का जन्म 28 जरवरी 1930 को हरियाणा के हिसार में हुआ था। पंडित जसराज के पिता मोतीराम भी मेवाती घराने के संगीतज्ञ थे।

262. राजस्थानी लोकगीतों में गाए जाने वाला 'नेतल का भर्तार', किस लोकदेवता के संदर्भ में है?

(a) हडभूजी (b) पाबूजी
(c) रामदेवजी (d) तेजाजी

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (c) : हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक देवता 'बाबा श्रीरामदेवजी' की श्रद्धा में प्रसिद्ध राजस्थानी लोकगीत 'नेतल का भर्तार' उनके अनुयायियों द्वारा जैसलमेर के रामदेवरा में स्थित उनके मंदिर में लगने वाले मेले के दौरान गाया जाता है। इन्हें कृष्ण का अवतार माना जाता है।

263. 'हेला ख्याल' लोक संगीत राजस्थान के .... क्षेत्रों से सम्बंधित है–

(a) सीकर – झुन्झुनू (b) दौसा – सवाई माधोपुर
(c) भीलवाड़ा – चित्तौड़ (d) डूंगरपुर – बांसवाड़ा

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80
Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22
Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019

Ans. (b) : हेला ख्याल लोक संगीत राजस्थान के दौसा-सवाई माधोपुर क्षेत्र से सम्बन्धित है। सांस्कृतिक समारोहों में राजस्थानी लोक नृत्य एवं संगीत शैली हेला ख्याल का प्रचलन दौसा-सवाई माधोपुर क्षेत्र का लोकनाट्य एवं लोकरंग में होता है।

264. बतूल बेगम का सम्बन्ध राजस्थान की किस गायन परम्परा से है?

(a) गंधव गान (b) कव्वाली गायन
(c) मांड गायन (d) फड़ गायन

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (c) : बतूल बेगम, मांड गायन से संबंधित है, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर (8 मार्च, 2020) पर राष्ट्रपति द्वारा उन्हें नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बतूल बेगम जयपुर की रहने वाली तथा उनकी ख्याति मांड व भजन लोक गीत में है।

265. निम्न प्रसिद्ध ग़ज़ल गायकों में से कौन राजस्थान से संबंधित है?

(a) अनूप जलोटा (b) जगजीत सिंह
(c) गुलाम अली (d) पंकज उधास

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022